KOYTUR TIMES
www.koyturtimes.com
UDYAM REGISTRATION NUMBER UDYAM-CG-11-0005844
कोयतुर टाइम्स
LIVE
एक कदम समाज की ओर
20 सितम्बर 2024

# जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ की प्रांतीय टीम ने प्राचीन धरोहर मिलकुँआ डोंगरी का किया भ्रमण



दिनेश नेताम/गरियाबंद: जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ की प्रांतीय टीम ने कल मिलकुँआ डोंगरी का भ्रमण किया, जो छत्तीसगढ़ की एक प्राचीन और ऐतिहासिक धरोहर है। इस डोंगरी में प्राचीन चिंडा भुँजिया राजा का गढ़ रहा था, जिसे राजा कचना धुर्वा ने जीत कर आधिपत्य किया था। टीम के सदस्यों ने बताया कि मिलकुँआ डोंगरी का नाम वहाँ मौजूद प्राचीन कुँआ पर आधारित है, जो गर्मी के दिनों में भी पर्याप्त पानी रहता है। इस डोंगरी में आदिमानवों के निवास के भी सबूत मिले हैं एवं उनके द्वारा बनाए गए शैलचित्र दिखाई देते हैं। टीम के सदस्यों ने कहा कि यह भ्रमण एक अद्भुत अनुभव था, जो उन्हें अपने पुरखों से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि यह धरोहर छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है और इसका संरक्षण करना हमारी जिम्मेदारी है ।इस भ्रमण में गाइड के रूप में नेतृत्व कर रहे थे स्थानीय ग्रामीण युवा भुपेन्द्र नेताम और टेवन नागेश ने टीम को महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ की प्रांतीय टीम ने इस भ्रमण के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

गाइड भुपेन्द्र नेताम ने टीम को बताया कि यहाँ दो से तीन बार गैर आदिवासी संस्कृति वाले कब्जा करने की नाकाम कोशिश की है। अतः आदिवासी समाज के प्रमुखों एवं सरकार से अनुरोध करते हैं कि इस पुरातन एतिहासिक धरोहर को संरक्षित कर इसे शुद्ध रखने के लिए सकारात्मक पहल करें। डोंगरी में जाने से पहले वहाँ के गाँव वालों के मान्यता अनुसार कुछ नियम पालन करना और अनुमति लेना अनिवार्य हैं यदि जाना हो तो स्थानीय गाँव वाले के साथ ही जाएँ तो अन्यथा रास्ता भटकने का भय रहता है साथ ही जंगली जानवरों का भी खतरा हो सकता है।

जोहार आदिवासी कला मंच छत्तीसगढ़ के प्रांतीय टीम - ईश्वर मंडावी (संरक्षक), पूरनमल ध्रुव (प्रांताध्यक्ष), अनिल सलाम (उपाध्यक्ष), तरकेश मरकाम (महासचिव), जीतेंद्र नेताम ( सहसचिव), कमलेश मांझी (कोषाध्यक्ष), भानुप्रताप कुंजाम (जिलाध्यक्ष धमतरी), चिमन मरकाम (जिला सचिव गरियाबंद), उगेश कुमार तीरधारी (सदस्य) शामिल रहे।

# एमसीबी जिले में अब तक 1054.4 मिमी औसत वर्षा की गयी दर्ज

# कार्ययोजना बना कर उल्लास कार्यक्रम का करें क्रियान्वयन- कलेक्टर डी.राहुल वेंकट



एमसीबी/ नव भारत साक्षरता कार्यक्रम (उल्लास) के तहत जिले के 15 वर्ष से ऊपर के निरक्षर लोगों को जो पढ़ना-लिखना नहीं जानते उन्हें साक्षर बनाने हेतु उल्लास कार्यक्रम का बेहतर कार्ययोजना बनाए, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिल सके, उक्त बातें आज कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय सीमा की बैठक में कही।

कलेक्टर श्री डी राहुल वेंकट ने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर, एसपी कॉन्फ्रेस में मुख्यमंत्री के द्वारा दिये गये निर्देशों का परिपालन करने के लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया ।

साथ ही उन्होंने जिले के प्रगतिरत कार्यों का समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए । स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तर्ज पर शिविर आयोजित कर मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से जिले के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के ग्रामीणों को स्वास्थ्य सुविधाओं एवं आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूलों के निर्माणाधीन कार्यो की समीक्षा करते हुए स्कूल शिक्षा विभाग को स्कूल मरम्मत एवं निर्माण कार्यों में गुणवत्ता लाने व कार्य में लापरवाही करने वाले ठेकेदारो पर कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वेंकट ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लबित प्रकरणों का समयद्दसीमा में निराकरण के निर्देश दिए।

जिससे राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के जनसमान्य को मिल सके। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए योजनाअंतर्गत सड़क, बिजली, निर्माण, पेयजल जैसे विभिन्न कार्यो का अविलंब पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत जिले में शिविर लगाकर आधार कार्ड, जनधन खाता, आयुष्मान कार्ड, वनाधिकार पत्र, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र से हितग्राहियों को लाभान्वित करने एवं मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री वेंकट ने स्कूली छात्र- छात्रों के आय-जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने के निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए प्रत्येक घर में नल कनेक्शन पहुंचाने का कार्य अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएम, कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम प्रवीण कुमार भगत, लिंगराज सिदार, विजयेंद्र सारथी, सर्व तहसीलदार, सर्व जनपद सीईओ, सर्व नगर पंचायत सीएमओ सहित जिला अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

बैकुंठपुर/कोरिया / पोषण माह के तहत  कलेक्टर श्रीमती चन्दन त्रिपाठी के निर्देशानुसार आज जिला अस्पताल, बैकुंठपुर में नर्सिंग छात्राओं ने नुक्कड़ के माध्यम से पोषण के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। बता दें जनसमुदाय तक स्वास्थ्य पोषण एवं स्वच्छता संबंधित व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रभावी व्यवहार परिवर्तन हेतु जनआंदोलन के रूप में प्रतिवर्ष के भाति इस वर्ष भी ‘‘राष्ट्रीय पोषण माह‘‘ का अयोजन जिले में 1 से 30 सितम्बर 2024 तक किया जा रहा है जिसके तहत एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, पोषण भी पढ़ाई भी, बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता और कुशल सेवा वितरण के लिए प्रौद्योगिकी, समग्र पोषण के थीम पर विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की जा रही है।

न्यूज और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करे//सम्पर्क और व्हाट्सअप नम्बर

8879810101

# "कलेक्टर और एसपी की बैठक: नशामुक्ति और डीजे ध्वनि प्रदूषण पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश"

एमसीबी/ कलेक्टर श्री डी. राहुल वेंकट और एसपी श्री चंद्रमोहन सिंह ने कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में नशा मुक्ति और डीजे पर कार्यवाही हेतु बैठक ली। कलेक्टर श्री वेंकट ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे जुलूस, शादी-बारात के दौरान डीजे बजाने पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी को निगरानी रखने और लाउडस्पीकर के दुरुपयोग पर सख्त कार्यवाही करें। एसपी श्री चंद्रमोहन सिंह ने जिले में नशा मुक्ति अभियान और डीजे के अत्यधिक ध्वनि प्रदूषण पर सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार पूरे राज्य में डीजे की ध्वनि सीमा को 55 डेसिबल तक सीमित रखने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के तहत डीजे और लाउडस्पीकर के नियमों का उल्लंघन करने पर जुर्माना व जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। एसपी श्री सिंह ने यह भी कहा कि रात 10 बजे के बाद डीजे बजाने पर तत्काल प्रभाव से कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसके अतिरिक्त एसपी श्री सिंह ने जिले में नशामुक्ति अभियान को तेजी से लागू करने के निर्देश दिए। छोटे बच्चों में नशे की प्रवृत्ति को रोकने और नशीली दवाइयों की बिक्री करने वाले मेडिकल स्टोर्स पर कड़ी कार्यवाही करने का निर्देश दिए। प्रशासन और पुलिस के समन्वय से पूरे जिले में नशा मुक्ति अभियान चलाया जाएगा।

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व क्षेत्र के 51 गांवों को विस्थापन के खिलाफ ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

टाइगर रिजर्व/ उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के कोर क्षेत्र में बसे 51 गांवों के 2,000 परिवारों को विस्थापन की योजना ने सकते में डाल दिया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा 591 गांवों को विस्थापित करने की घोषणा के विरोध में सैकड़ों ग्रामीण गांधी मैदान में रैली निकालकर अभ्यारण्य कार्यालय पहुंचे, जहां सुरक्षा के कड़े इंतजामों के कारण उन्हें रोका गया। अभ्यारण्य संघर्ष समिति के नेताओं ने इस विरोध का नेतृत्व किया और प्रशासन को 11 सुझाव और 6 मांगों वाला ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने पेसा कानून के तहत सुनवाई और पूर्व में विस्थापित आदिवासियों की दशा का अवलोकन करने की मांग की। प्रशासन ने भरोसा दिया कि ग्रामीणों की सहमति के बिना कोई भी कार्रवाई नही होगी।

कोया पुनेम् गोंडवाना महासभा भारत से जुड़ने के लिए संपर्क करें।।

मनोज कमरों राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. न. 9827990501 // राय सिंह श्याम प्रदेश अध्यक्ष मो. न. +76970 60919

# 1857 के अमर शहीद शंकर शाह व रघुनाथ शाह मरावी के 167वें बलिदान दिवस पर जबलपुर में भव्य आयोजन




जबलपुर: मध्यप्रदेश के न्यायधानी जबलपुर में गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के तत्वाधान में 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम अमर शहीद गोंडवाना साम्राज्य 52 गढ़ 57 परगना के अधिपति शिरोमणि महाराजा शंकर शाह मरावी और उनके पुत्र अमर शहीद कुंवर रघुनाथ शाह मरावी जी का 167वां बलिदान दिवस ऐतिहासिक और भव्य रूप से मनाया गया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला, ब्लॉक एवं ग्रामीण स्तर के पदाधिकारियों ने गरिमामय उपस्थिति दर्ज करवाई।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, गोंडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पाली तानाखार के विधायक माननीय तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम जी रहे। उनके साथ विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महासचिव माननीय श्याम सिंह मरकाम जी तथा अतिविशिष्ट अतिथि माननीय कुंवर बलवीर सिंह तोमर जी की उपस्थिति ने इस बलिदान दिवस को और भी ऐतिहासिक बना दिया। इस अवसर पर शहीदों के बलिदान को नमन करते हुए, वक्ताओं ने 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में गोंडवाना साम्राज्य के शासकों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। महाराजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में अमिट बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि उनकी वीरता और देशप्रेम की भावना आज भी आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती है। सभा में गोंडवाना साम्राज्य की गौरवशाली विरासत और आदिवासी समुदाय के हितों की रक्षा हेतु संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की भूमिका और आदिवासी समुदाय के अधिकारों पर जोर दिया। इस भव्य आयोजन ने महाराजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के बलिदान को एक बार फिर से स्मरणीय बना दिया, जिससे गोंडवाना साम्राज्य की महानता और वीरता की परंपरा का सम्मान किया जा सके।

# वजन त्यौहार: आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण स्तर का आकलन जारी

एमसीबी/ प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह महाअभियान के अंतर्गत वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के पोषण स्तर का लगातार आकलन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत, जिले के प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में 0 से 6 साल तक के बच्चों के पोषण स्तर का आकलन किया जाता है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में, बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने और कुपोषण से होने वाले नुकसान के बारे में गर्भवती माताओं और पालकों को जागरूक किया जा रहा है। केन्द्रों में बच्चों के वजन त्यौहार मनाने, सही पोषण, देश रोशन, और "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके साथ ही, पौष्टिक आहार की जानकारी देते हुए माताओं को बच्चों के भोजन में हरी सब्जियां, चावल, दाल, और रोटी को शामिल करने की सलाह दी जा रही है। पोषण के विभिन्न स्रोतों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की जा रही है।

वजन त्यौहार: आंगनबाड़ी केन्द्रों में पोषण स्तर का आकलन जारी

एमसीबी/ प्रदेश में राष्ट्रीय पोषण माह महाअभियान के अंतर्गत वजन त्यौहार मनाया जा रहा है। जिले में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों के पोषण स्तर का लगातार आकलन किया जा रहा है। इस प्रक्रिया के तहत, जिले के प्रत्येक आंगनबाड़ी केन्द्र में 0 से 6 साल तक के बच्चों के पोषण स्तर का आकलन किया जाता है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केन्द्रों में, बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाने और कुपोषण से होने वाले नुकसान के बारे में गर्भवती माताओं और पालकों को जागरूक किया जा रहा है। केन्द्रों में बच्चों के वजन त्यौहार मनाने, सही पोषण, देश रोशन, और "बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ" अभियान चलाए जा रहे हैं। इसके साथ ही, पौष्टिक आहार की जानकारी देते हुए माताओं को बच्चों के भोजन में हरी सब्जियां, चावल, दाल, और रोटी को शामिल करने की सलाह दी जा रही है। पोषण के विभिन्न स्रोतों के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की जा रही है।

# इलाज के लिए नियमित रूप से जाना पड़ता है अहमदाबाद, मुख्यमंत्री ने कहा - लक्ष्य के स्वास्थ्य का हम रखेंगे ध्यान

रायपुर छत्तीसगढ़: मुख्यमंत्री जनदर्शन में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को रायपुर के गुढ़ियारी के रमण मंदिर वार्ड से आए श्री रोशन साहू ने बेटे के इलाज के संबंध में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनका बेटा 8 साल का लक्ष्य एस्ट्रॉफी ऑफ़ ब्लैडर बीमारी से पीड़ित हैस इसके इलाज के लिए वह हर जगह गए। उनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है लेकिन उन्होंने इलाज की पूरी कोशिश की। जब इस बात की जानकारी मिली कि अहमदाबाद सिविल अस्पताल में ऑस्ट्रेलिया फाउंडेशन द्वारा इस बीमारी का मुफ्त इलाज होता है तो वे वहां भी गए लेकिन वहां बताया गया कि अहमदाबाद इसके लिए नियमित रूप से जाना पड़ेगा। रोशन ने बताया कि खराब आर्थिक स्थिति की वजह से अहमदाबाद जाने में काफी खर्च होता है। ऐसे में प्रदेश मुख्यमंत्री को आवेदन देने आए हैं। उनकी समस्या सुनकर मुख्यमंत्री ने उन्हें तुरंत ईलाज के लिए 25 हज़ार रुपये का चेक प्रदान किया। साथ ही उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को इस संबंध में निर्देशित किया कि बच्चे की बीमारी के इलाज की उचित व्यवस्था की जाये तथा इलाज में आ रही दिक्कतों को दूर करें। मुख्यमंत्री ने पिता को ढाढ़स बांधा । लक्ष्य के पिता ने मुख्यमंत्री के सहृदयता को देख उनका जनदर्शन में बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि वे अपने बच्चे का लंबे समय से इलाज करते हुए परेशान हो गये थे और हिम्मत भी हार चुके थे अब मुख्यमंत्री से मिलने के बाद नई उम्मीद जगी है।जिस प्रदेश का ऐसा संवेदनशील मुखिया हो वहाँ के आमजनों की दिक़्क़ते ऐसे ही जल्द से जल्द दूर होंगी ।

# नशा पीड़ितों के लिए 15 बिस्तरों वाले पुनर्वास केंद्र संचालन हेतु प्रस्ताव आमंत्रण

बैकुंठपुर कोरिया/ समाज कल्याण विभाग द्वारा नशा पीड़ितों के लिए 15 बिस्तरों वाले एकीकृत पुनर्वास केंद्र के संचालन हेतु इच्छुक और मान्यता प्राप्त स्वैच्छिक संस्थाओं से प्रस्ताव आमंत्रित किए गए हैं। यह संस्थाएं, जिनका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ हो, 15 दिनों के भीतर दोपहर 3:00 बजे तक अपने प्रस्ताव उप संचालक, समाज कल्याण कार्यालय, कोरिया बैकुण्ठपुर में जमा कर सकती हैं। इच्छुक संस्थाएं या फॉर्म अधिक जानकारी के लिए कोरिया की आधिकारिक वेबसाइट https://korea.gov.in/ पर "रूचि की अभिव्यक्ति" से संबंधित विवरण देख सकते हैं या व्यक्तिगत रूप से उप संचालक, समाज कल्याण कार्यालय से शर्तें और आवेदन प्राप्त कर सकते हैं। रूप

# दक्षिण कोरिया में 25-30 अगस्त तक आयोजित एशियन कप बीच वुडबॉल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेकर लौटीं महासमुंद की चैन कुमारी निषाद



महासमुंद छत्तीसगढ़/ दक्षिण कोरिया में 25-30 अगस्त तक आयोजित एशियन कप बीच वुडबॉल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेकर लौटीं महासमुंद की चैन कुमारी निषाद (35) और रायपुर की रंजीता खलको (30) ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से जनदर्शन कार्यक्रम के दौरान मुलाक़ात की और अपनी उपलब्धि साझा की। दोनों खिलाड़ियों ने उक्त प्रतियोगिता में ब्रॉन्ज़ मेडल हासिल किया है।मुख्यमंत्री श्री साय ने उन्हें प्रोत्साहित किया और मंच पर बुलाकर दोनों खिलाड़ियों के साथ फोटो भी खिंचाई ।

# रोजगार को बढ़ावा देने बस्तर वनमण्डल में किया जा रहा शीशल रोपण


जगदलपुर/ वर्तमान में शीशल उद्योग छत्तीसगढ़ में कहीं पर भी संचालित नहीं है। ऐसे में इस उद्योग को बढ़ावा देने के लिए सचिव सहकारिता विभाग डॉ.सीआर प्रसन्ना के द्वारा बस्तर जिले के प्रवास कार्यक्रम के दौरान दिए गए निर्देशानुसार वन परिक्षेत्र बस्तर के अन्तर्गत कोलचूर बीट के कक्ष क्रमांक पी. 1442 नया 532 रकबा 50 हेक्टेयर में भरनी के पास शीशल रोपण किया गया है। ग्राम भरनी में रान बांस डोरी उद्योग समिति बना हुआ है। वनमण्डलाधिकारी बस्तर के द्वारा ग्राम भरनी का दौरा कर तत्काल शेड निर्माण कार्य और मशीन लगाने का निर्देश दिया गया था, जिसके अनुरूप ग्राम भरनी में शेड निर्माण के पश्चात शीशल प्रसंस्करण का कार्य किया जा रहा है। बस्तर वनमण्डल के अन्तर्गत वन परिक्षेत्र बकावण्ड के ढोढरेपाल में 50 हेक्टेयर रकबा में 11000 शीशल रोपण एवं वन परिक्षेत्र बस्तर अन्तर्गत भरनी में 50 हेक्टेयर में 11000 शीशल रोपण किया गया था। बस्तर वनमण्डल में कुल 100 हेक्टेयर रकबा में 22000 शीशल रोपण का कार्य वृहद रूप से किया गया है जिससे समिति को रॉ-मटेरियल भरपूर मिल सकेगा और उनकी आमदनी में बढ़ोतरी होगी।

20 सितम्बर 2024

# छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित

रायपुर छत्तीसगढ़: छत्तीसगढ़ के राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह के निर्देश पर तथा सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के मार्गदर्शन में आज यहां अटल नगर नवा रायपुर स्थित राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय में वीसी के माध्यम से राज्य के सभी जिले के प्रोग्रामर तथा मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया गया। आयोग द्वारा सभी प्रशिक्षिणार्थियों को मतदाता सूची शुद्ध एवं निर्धारित समयसीमा में पूर्ण करने कहा गया। आयोग द्वारा आगामी स्थानीय निकाय चुनावों के लिए एक सटीक और पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया सुनिश्चित करने यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण में प्रोगामरों को मतदाता सूची के सॉफ्टवेयर, डिजिटल उपकरणों के प्रयोग और डाटा एन्ट्री से संबंधित जानकारी दी गई है तथा मास्टर ट्रेनरों को चुनावी प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए ट्रेनिंग दी गई ताकि वे निर्वाचन अधिकारियों को कुशलतापूर्वक प्रशिक्षित कर सके। प्रशिक्षण में मतदाता सूची का डिजिटल प्रबंधन, आयोग द्वारा विकसित किये गये सॉफ्टवेयर एवं तकनीकी टूल्स का इस्तेमाल कर मतदाता सूची को सही एवं सटीक तरीके से अद्यतन करने के बारे में बताया गया। जिसमें नये पंजीकरण, सूची से मृत तथा अवैद्य नामों को हटाने एवं सूची में किसी भी प्रकार के सुधार के प्रावधान शमिल किए गए। प्रशिक्षण में यह भी बताया गया कि कोई भी गलत नामांकन या त्रुटिपूर्ण डाटा चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित न करें।छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा इस प्रशिक्षण के माध्यम से स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि स्थानीय निकाय निर्वाचन में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी व त्रुटि नहीं होनी चाहिए। प्रशिक्षण के माध्यम से सभी प्रोगामर और मास्टर ट्रेनरों को निर्देशित किया गया कि वे अपने कार्य पूरी निष्ठा एवं तत्परता से करे ताकि चुनाव प्रक्रिया पूरी निष्पक्षता से हों। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की उपसचिव डॉ. नेहा कपूर एवं श्री आलोक श्रीवास्तव उपस्थित थे।




Mahendra Singh Marpachchi